सुविधा पोर्टल

स्रोत: पीआईबी

सुविधा पोर्टल स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनावों के **लोकतांत्रिक सिद्धांतों** को कायम रखने के लिये समान अवसर सुनिश्चित करने हेतु भारत निर्वाचन आयोग (ECI) द्वारा विकसित एक तकनीकी समाधान है।

- सुविधा पोर्टल का उद्देश्य चुनाव के दौरान राजनीतिक दलों और **उम्मीदवारों** से अनुमति एवं सुविधाओं के लिये **अनुरोधों को सुव्यवस्थित** करना, '**पहले आओ पहले पाओ सिद्धांत**' के आधार पर अनुरोधों को पारदर्शी रूप से प्राथमिकता देना है।
    - यह रैलियों के आयोजन, अस्थायी दलों के कार्यालय खोलने, घर-घर जाकर प्रचार करने, वीडियो वैन, हेलीकॉप्टर, वाहन परमिट प्राप्त करने और पर्चे वितरित करने की अनुमति प्रदान करता है।
    - राजनीतिक दल और उम्मीदवार आसानी से सुविधा पोर्टल के माध्यम से **ऑनलाइन अनुमति का अनुरोध** कर सकते हैं, जो कुशल प्रसंस्करण के लिये **नोडल अधिकारियों द्वारा** प्रबंधित एक मज़बूत **IT प्लेटफॉर्म** द्वारा **समावेशी ऑफलाइन विकल्प** भी प्रदान करता है।
    - इसके अतिरिक्त, **सुविधा का सहयोगी ऐप** आवेदकों को **सुविधा और** पारदर्शिता बढ़ाते हुए उनके अनुरोधों की वास्तविक समय स्थिति को ट्रैक करने की अनुमति देता है।

और पढ़ें: SVEEP

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/suvidha-portal